<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 20.02.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना रुरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 49/26 धारा 137 (2), 87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त अंशु पुत्र रामचंद्र निवासी मुर्रा मवई थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना मूसानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 10/26 धारा 65(1) बीएमएस व 3/4 (2) पाक्सो एक्ट 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र फूल सिंह निषाद निवासी ग्राम सुंदरपुरवा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा अभियुक्त सद्दाम हुसैन पुत्र औरंगजेब उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम शहबाजपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात द्वारा वादिनी के घर पर दोनों हाथों में कुछ रुपये लेकर गलत नियत से आने, प्रार्थिनी से 01 किस देने की मांग करने, प्रार्थिनी द्वारा मना करने व पति से शिकायत करने पर 'बहुत गलत बात होगी' की बात कहने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 080/2026 धारा 296/351(2) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 13 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना रूरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना शिवली पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना राजपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रनियां पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व थाना सट्टी पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।